"भ्रष्टाचार मुक्त स्वस्थ नगर व्यवस्था की सोच"

# निकाय चुनाव घोषणा पत्र



# आम आदमी पार्टी राजस्थान

## नगरीय निकाय चुनाव 2026

"आम जनता का शहर – आम जनता की सरकार"

शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और विकास के साथ जवाबदेह नगर व्यवस्था राजस्थान के शहर केवल सड़क, भवन और बाजारों का समूह नहीं हैं। एक अच्छा शहर वह है जहाँ बच्चों को अच्छी शिक्षा, नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य, साफ वातावरण, सुगम यातायात, सुरक्षित और व्यवस्थित बाजार, पर्याप्त सार्वजनिक स्थान और बिना भ्रष्टाचार के सरकारी सेवाएँ मिलें। आम आदमी पार्टी राजस्थान का यह मानना है कि नगर निकायों की ऐसी व्यवस्था बनाई जाए जिसमें शहर का विकास आम जनता की जरूरत और भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर होना चाहिए।

जो देश विकसित हुए है और जहाँ नागरिक खुशहाल है वहाँ आधारभूत सेवाएं स्थानीय निकाय ही दे रहे है। हमारे यहाँ भी उसी उद्देश्य वही था लेकिन भ्रष्टाचार और कामचोरी ने स्थानीय निकायों को कूव्यवस्था का प्रतीक बना दिया है। आम आदमी पार्टी इस व्यवस्था को बदलेगी।

## शिक्षा-मजबूत शहर की सबसे मजबूत नींव

शिक्षा केवल नौकरी पाने का माध्यम नहीं, बल्कि एक बेहतर समाज और मजबूत भविष्य की नींव है। जहां बच्चे अच्छी शिक्षा पाते हैं, वही शहर आगे बढ़ता है। हमने शिक्षा को अपनी पहली प्राथमिकता इसलिए बनाया है क्योंकि आज का शिक्षित बच्चा ही कल के राजस्थान के मजबूत शहर, समाज और अर्थव्यवस्था का निर्माण करेगा। बेहतर शिक्षा केवल रोजगार नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर, जागरूक और जिम्मेदार नागरिक तैयार करती है। इसलिए नगर निकाय के अधीन आने वाली शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाएगें।

- ❖ स्कूल भवन, कक्षाओं, शौचालय और पेयजल की बेहतर व्यवस्था।
- ❖ आधुनिक शिक्षण सुविधाएँ और डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा।
- ❖ अध्यापकों को अपडेट के लिए नियमित प्रशिक्षण।

## स्वच्छता - आधुनिक मशीनों से साफ शहर

शहर की सफाई केवल कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने से नहीं, बल्कि आधुनिक तकनीक और बेहतर व्यवस्था से होगी।

- ❖ प्रमुख सड़कों, बाजारों और सार्वजनिक स्थानों की नियमित मशीन से सफाई।
- ❖ सफाई कर्मचारियों की सुरक्षा और वेतन को प्राथमिकता।
- ❖ सफाई कार्य मे मैनपावर का सीधे दखल कम किया जाएगा। आधुनिक सफाई उपकारणों का इस्तेमाल किया जाएगा।
- ❖ कचरे का संग्रहण और निष्पादन चौबीस घंटे में किया जाएगा ताकि कचरे के पहाड़ नहीं बनें।

## प्रदूषण रहित और हरा भरा शहर

स्वच्छ हवा और स्वस्थ वातावरण हर नागरिक का अधिकार है।

- ❖ फ्री लोकल ट्रांसपोर्ट से सड़क पर वाहनों की संख्या कम करेंगे।
- ❖ अधिक से अधिक पौधारोपण और हरित क्षेत्र विकसित किये जाएंगे।
- ❖ पार्कों और खुले स्थानों का संरक्षण।

- शहर में ऑक्सीजन का प्रवाह बढाने और कार्बनडाई ऑक्साइड गैस कम करने के लिये जहां संभव हो नये गार्डन विकसित करेंगे और पेड़ लगायेगे।

## बिजली, टेलेकॉम केबल्स भूमिगत

- चरणबद्ध तरीके से खुली बिजली तार और केबल व्यवस्था को बदलकर भूमिगत किया जायेगा।
- 24 घंटे निर्बाध बिजली सप्लाई सुनिश्चित की जायेगी।

## पार्किंग व्यवस्था - जनता के हित मे

राजस्थान में बड़े हो रहे शहर में लोकल परिवहन की सुविधा ना के बराबर है। इस कारण हर कोई अपने वाहनों से ट्रेवल करने को मजबूर है। इससे मिनीबस, ऑटो, टैक्सी आदि ना केवल मनमानी वसूली करती है बल्कि सड़कों पर ट्रैफ़िक ज़ाम और प्रदूषण की समस्या भी गंभीर हो गई है। इन समस्याओं के समाधान के लिए :

- जरूरत के अनुसार वैकल्पिक पार्किंग एरिया विकसित किए जाएंगे।
- पार्किंग ठेकेदारों की कमाई का जरिया नहीं बनेगी-वास्तविक खर्च के आधार पर शुल्क तय होंगे, ताकि जनता पर अनावश्यक बोझ न पड़े।
- सड़क निर्माण का मानकीकरण, खड्डा, उतार-चढाव और स्पीड ब्रेकर मुक्त सड़क बनाई जाएंगी।
- सड़क, फुटपाथ की खुदाई पूर्व अनुमति से ही हो सकेगी। सड़क पर कचरा फेकने पर जुर्माना लगेगा।
- फुटपाथ खाली कराए जाएंगे, वेंडिंग जोन और साप्ताहिक बाजार लगाए जाएंगे।
- शहर में प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों को सुरक्षित दूरी पर स्थानांतरित करने की प्लानिंग करेंगे।

## निर्माण अनुमति - सरल, तेज और पारदशी

- निर्माण अनुमति की प्रक्रिया सरल, पारदर्शी और समयबद्ध की जाएगी ; सभी सेवाएँ यथासंभव ऑनलाइन होंगी।
- मूल निर्माण के अनुसार ही मरम्मत कार्य करना होगा।
- हर प्रकार के निर्माण में न्यूनतम मानकों और निर्धारित नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाएगा।
- रिश्वत लेकर अवैध निर्माण कराने, बाद में कार्रवाई का डर दिखाकर वसूली करने और नियम विरुद्ध निर्माण पर पूर्ण रोक लगाई जाएगी।
- अवैध निर्माण होने पर संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## भ्रष्टाचार पर लगाम

नगर निकाय की सेवाओं में भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए कठोर और पारदर्शी व्यवस्था लागू की जाएगी।

- अधिकांश नागरिक सेवाएँ ऑनलाइन व डोर-स्टेप उपलब्ध होंगी, ताकि लोगों को बार-बार कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें।

- ❖ हर कार्य की समयसीमा व ट्रैकिंग व्यवस्था होगी तथा टेंडर, खर्च और कार्य की प्रगति में पूरी पारदर्शिता रखी जाएगी।
- ❖ किसी कार्य में शिकायत सही पाए जाने पर जिम्मेदारी तय कर सख्त कार्रवाई होगी और दोषी व्यक्ति/ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट किया जाएगा।

## पानी - राजस्थान की सबसे बड़ी आवश्यकता

- ❖ नियमित पेयजल आपूर्ति के साथ पुराने जल नेटवर्क व लीकेज को दुरुस्त किया जाएगा।
- ❖ वर्षा जल संचयन, तालाब-बावड़ी संरक्षण और भूजल रिचार्ज को बढ़ावा दिया जाएगा।
- ❖ पानी की बर्बादी व अवैध कनेक्शन पर रोक लगाकर **treated water** का गैर-पेय कार्यों में उपयोग किया जाएगा।

## जवाबदेही

नगर निकाय जनता के पैसे से चलता है। इसलिए जनता को यह जानने का पूरा अधिकार है कि उसका पैसा कहाँ और कैसे खर्च हो रहा है। ऐसी सूचनाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

- ❖ नगर निकाय के बजट, विकास कार्यों की लागत, ठेकेदार और प्रगति की जानकारी सार्वजनिक की जाएगी।
- ❖ हर वार्ड के कार्यों की नियमित समीक्षा और समयबद्ध निगरानी सुनिश्चित की जाएगी।
- ❖ नागरिक शिकायतों के समाधान की स्थिति भी सार्वजनिक रखी जाएगी।

## जलभराव से मुक्ति

- ❖ जलभराव से मुक्ति समय पर सीवरेज सफाई एवं पुराने सीवरों को बदलना प्राथमिकता रहेगी।
- ❖ सीवरेज और वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की व्यवस्था की जाएगी।
- ❖ स्थानीय निकाय के हॉस्पिटल और मोहल्ला क्लिनिक द्वारा आम जनता को मुफ्त और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं।

### चुनाव घोषणा पत्र समिति

देवेंद्र शास्त्री, डॉ दीप्ती धारीवाल, एडवोकेट हनुमान चौधरी, अनूप चतुर्वेदी
सुदीप बगड़ा, शहनवाज़ हिंदुस्तानी, राशिद हसन क़ादरी, रमजान खान
सुनील धायल, लड्डू लाल मीना, नन्दलाल मीना